# राष्ट्रीय मुक्क विद्यालयी शिक्षा संस्थान

## उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान

## पाठ 2 : ग्रंथालयों और सूचना केन्द्रों के प्रकार

## कार्यपत्रक : 2

1. ग्रथालयों को निम्नलिखित चार प्रकारों में वर्गीकृत किया जा सकता हैं, अर्थात शैक्षिक ग्रंथालय, सार्वजनिक ग्रंथालय, विशिष्ट ग्रंथालय तथा राष्ट्रीय ग्रंथालय। क्या आप जानते हैं कि राष्ट्रीय ग्रंथालयों के क्या उद्देश्य होते हैं?

2. हम प्रत्याशित सूचना सेवाएँ कहाँ से प्राप्त कर सकते हैं?

3. क्या आप जानते हैं कि 'ग्रंथसूची' क्या हैं? किन्हीं दो ऐसी पुस्तकों का उदाहरण दीजिए जहाँ ग्रंथसूची पाई जा सकती है।

4. सार्वजनिक ग्रंथालयों के विकास के लिए उत्तरदायी कारक कौन-कौन से हैं? क्या आपको लगता है कि इंटरनेट की सहायता से सार्वजनिक ग्रंथालय व्यापक स्तर पर अपनी सेवाएँ प्रदान करने में सक्षम हुए हैं?

5. क्या आपको लगता है कि विश्वविद्यालयी ग्रंथालयों की अपेक्षा कॉलेज ग्रंथालय भिन्न प्रकार की भूमिका निभाते हैं? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

6. क्या आप इस पक्ष में हैं कि ग्रंथालयों में ग्रंथालय समिति होनी चाहिए? हाँ अथवा नहीं, इन दोनों ही स्थितियों में अपने पक्ष का समर्थन कीजिए।

7. यदि आपको किसी विद्यालय के ग्रंथालय में ग्रंथालयाध्यक्ष बनने का अवसर प्राप्त हो तो आप कौन - सी नई और मौलिक कार्यप्रणालियों को प्रयोग में लाना चाहेंगे?

8. नेशनल लायब्रेरी ऑफ इंडिया तथा यूनाइटेड किंगडम की वेबसाइट पर जाइए। इन दोनों ग्रंथालयों द्वारा दी जाने वाली उन गतिविधियों को लिखिए, जो समान हैं।

9. 'एक विशिष्ट ग्रंथालय विभिन्न कार्य करता है और अनेक सेवाएँ प्रदान करता हैं।' क्या यह कथन सही है? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

10. क्या विद्याली ग्रंथालयों तथा महाविद्यालयी ग्रंथालयों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएँ समान होती हैं या उनमें अंतर होता है? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए।